ज्यादा चीजों वाले समूह में रंग भरना



निर्देश : (1) शिक्षक बच्चों से पहले दो खानों में रखी चीजों के नाम पूछें। (2) फिर बच्चों से कहें कि वे एक–एक गिलास को एक–एक प्याले के साथ लकीर खींच कर मिलायें। जिस खाने में कोई चीज बिना लकीर से मिले रह जाये उस समूह की सभी चीजों में रंग भर दें। (3) बच्चों से कहें कि अगले खानों में भी एक चीज से दूसरे खाने की एक चीज को मिलायें और बची हुयी चीज वाले खाने की सभी चीजों में रंग भर दें।

बराबर की अवधारणा



निर्देश : (1) पहला सवाल उदाहरण के लिये समझायें। बच्चों से पूछें पहले डिब्बे में कितने लिखे या कितनी चीजें बनी हैं ? बच्चों के बता देने पर उनसे पूछें कि दूसरे डिब्बे में कितने लिखे हैं या कितनी चीजें बनी हैं। फिर बच्चों से पूछें कि दोनों डिब्बों में बने चित्र या चीजें आपस में बराबर हैं, कम हैं या ज्यादा हैं ? बराबर चीजों या चित्रों के बीच बराबर '=' का निशान लगवायें। जहाँ कम या ज्यादा हो वहाँ पर वहां 'X' का निशान लगाने के लिये कहें। (2) अगले सवाल में बच्चों से पूछें पहले डिब्बे में कितने लिखे या कितनी चीजें बनी हैं। बच्चों के बता देने पर उनसे पूछें कि दूसरे डिब्बे में कितने लिखे हैं या कितनी चीजें बनी हैं ? फिर बच्चों से पूछें कि दोनों डिब्बों में बने चित्र या चीजें आपस में बराबर हैं या नहीं ? बच्चे यदि बराबर बताते हैं तो उनसे पूछें कि कौन सा निशान इन दोनों के बीच लगाना पड़ेगा और यदि बच्चे दोनों को बराबर नहीं बताते हैं तो उनसे पूछें कि कौन सा निशान लगेगा ? (3) बाकी सवाल बच्चों को अपने आप करने दें।

पढ़ कर समझो और संख्यायें खोजो



जिनके दहाई के स्थान पर 0 हो



जो 705 से ज्यादा व 850 से कम हो



जिनमें इकाई, दहाई सैकड़ा तीनों

जगह पर एक ही अंक हो।



जिसमें दहाई का अंक सैकड़े के अंक से

एक ज्यादा हो।



जिनमें सैकड़े का अंक 5 से ज्यादा हो।



निर्देश : 1. पहली किताब के पृष्ठ 67 तक काम करवाने के बाद इस पर व इससे आगे के 11 पृष्ठों पर काम करवायें। 2. बच्चों से कहें कि वे वाक्यों को पढ़ कर समझें और उस तरह की संख्यायें छाँट कर उसके नीचे बनी मछलियों में लिखें। काम खत्म होने के बाद बच्चों से मछलियों और पेंसिल में रंग भरने के लिये कहें।



गधे ने आगे कूदना शुरू किया।

104, 106, 108, ...

गधे ने पीछे कूदना शुरू किया।

262 260 258 ....

ऊँट ने आगे कूदना शुरू किया।

125 130 135 140 ....

ऊँट ने पीछे कूदना शुरू किया।

450 445 440 ....

घोड़े ने आगे कूदना शुरू किया।

210 220 230 240 ....

घोड़े ने पीछे कूदना शुरू किया।

860 850 840 ....

नर्देश : 1. बच्चों के साथ चित्रों पर बात करें। फिर उन्हें कहें कि वे संख्याओं को पढ़ कर कूद लगायें और संख्यायें लिखें। आखिर में उन्हें चित्रों में रंग भरने के लिये कहें।

इस किताब के आखिर में 1 रूपये के, 10 रूपये के, 100 रूपये के व 1000 रूपये के नोटों के चित्र बने हैं। और कुछ जानवरों के चित्र भी बने हैं। इनको तुम सावधानी से काट लो और एक खेल खेलो।

4–4 बच्चे मिल कर खेले।

- खेल का नियम है कि तुम सभी जानवरों की कीमत 1 हजार से 9999 के बीच कुछ भी रख सकते हो।
- दूसरा नियम है कि हर एक बच्चा दूसरे किसी एक बच्चे से एक ही जानवर खरीद सकता है और एक ही उसे बेच सकते हैं।

तुम अपना–अपना हिसाब भी रखो।

जानवर बेचने पर मिली रकम

बेचे गये जानवर का नाम	नोटों की संख्या				
	हजार के	सौ के	दस के	एक के	कुल रकम
हाथी	2	3	5	5	

जानवर खरीदने पर दी गयी रकम

खरीदे गये जानवर का नाम	नोटों की संख्या				
	हजार के	सौ के	दस के	एक के	कुल रकम
	2	3	5	5	

6 भिन्न

आधा

1. एक आयताकार कागज लो।

कागज को मोड़ कर दो बराबर हिस्सों में बाँटो।

दोनों हिस्सों में अलग–अलग रंग भरो।

उसके एक आधे हिस्से में कौनसा रंग भरा ? ....

दूसरे आधे हिस्से में कौनसा रंग भरा ? ....

नीचे दिये चित्रों में रंग भरो।



जब भी कोई आकृति दो बराबर हिस्सों में बँटी हो तब उसका हर हिस्सा एक आधे के बराबर होता है और **एक आधा** व **एक आधा** मिला कर एक **पूरा** हो जाता है।

2. नीचे कुछ आकृतियाँ दी गयी है। उनके एक आधे हिस्से में रंग भरो।



निर्देश : बच्चों से कहें कि वे इस अध्याय पर काम शुरू करें। उन्हें बतायें कि बीच–बीच में जहाँ–जहाँ किताब पर जाकर काम करने की बात कही गयी है वहाँ–वहाँ पर वे किताब की मदद से काम करें।